OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER OF POLICE, JODHPUR EAST (RAJASTHAN)

Rajasthan Police	**MANISH KUMARCHOUDHARY, IP** **DEPUTY COMMISSIONE OF POLICE** **JODHPUR EAST** **Phone No: - 0291-2650700 (O)** **Email: - sp-jodc-rj@nic.in,** **dcp.east.jodhpur@rajpolice.gov.in**	
Click here to follow us		
dcpjodhpur.east	dcpeastjodhpur	dcpjodhpureast
@jodhpur-east_p	**PRESS NOTE 26-04-2026**	@PoliceJodhpur

- दिनांक 24.04.2026 को दिन दहाडे बोरावास गांव के श्रीयादे माता मंदिर में सो रही वृद्वा पुजारिन से मारपीट कर कंटी लुटने की घटना का खुलासा
- मुल्जिम निकला वृद्वा का पडोसी
- सीसीटीवी फुटेज एवं मनौवैज्ञानिक पूछताछ से घटना का खुलासा
- मुल्जिम आदतन जुआरी होने से जुआ खेलने के लिये घटना को अंजाम दिया
- लूटी गई सोने की कंठी बरामद

घटना का संक्षिप्त विवरणः– दिनांक 24.04.2026 को प्रार्थी श्री सुखदेव पुत्र श्री बद्रीराम वैष्णव उम्र 50 साल निवासी बोरावास पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व ने पुलिस थाना बनाड में एक लिखित रिपोर्ट दी की मेरी मां कमला देवी पत्नी बद्रीरामजी वैष्णव उम्र 80 वर्ष निवासी ग्राम बोरावास जो कि दिन में 2.00 बजे गांव के श्रीयादे मन्दिर में सो रहे थी जिनकी किसी अज्ञात शख्स ने छिना झपटी कर के गले की कंटी तोडकर फरार हो गया तथा मारपीट भी की एवं मंदिर के पडोस में सुने घर से रूपये चुराये। वगैरा रिपोर्ट पर अभियोग संख्या 88 दिनांक 24.04.2026 जुर्म धारा 304(2),305(ए) बी.एन.एस. में दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

पुलिस टीम द्वारा किये गये प्रयास :–

घटना की गम्भीरता को देखते हुये श्रीमान् शरत कविराज, पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार घटना का खुलासा करने एवं मुलजिमों की पहचान कर शीघ्र दस्तयाब करने हेतु श्री विरेन्द्र सिंह अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व के पर्यवेक्षण, श्री अनिल कुमार शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त वृत मण्डोर के निकटतम सुपरविजन में श्री लेखराज (निरीक्षक पुलिस) थानाधिकारी पुलिस थाना बनाड के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज तथा मनौवैज्ञानिक पूछताछ से घटना में कारित करने वाले बदमाश **किशोर पुत्र श्री श्रवणराम जाति प्रजापत उम्र 37 साल निवासी बोरावास पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व** को गिरफ्तार कर माल मसरूका सोने की कंठी बरामद की गयी।

घटना का कारणः– आरोपी किशोर प्रजापत जुआ खेलने का आदी होने से गॉव में काफी लोगो से रूपये उधार ले रखे थे। आरोपी जुआ, सट्टे खेलने के लिये उक्त वारदात को अंजाम दिया है।

मुलजिमानः–

1 किशोर पुत्र श्री श्रवणराम जाति प्रजापत उम्र 37 साल निवासी बोरावास पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व

थाना बनाड टीम :–

1ण श्री लेखराज निपु थानाधिकारी पुलिस थाना बनाड
2ण श्री राजु राम उनि पुलिस थाना बनाड
3ण श्री रतना लाल सउनि पुलिस थाना बनाड
4ण श्री रतन राम सउनि पुलिस थाना बनाड
5ण श्री शक्ति सिंह कानि 240 पुलिस थाना बनाड
6ण श्री धनेश कुमार कानि 2799 पुलिस थाना बनाड
7ण श्री महेशचन्द कानि 1347 पुलिस थाना बनाड

पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पूर्व